पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए 75 करोड़ की धनराशि स्वीकृत

**लखनऊ : 10 अगस्त, 2026**

उत्तर प्रदेश सरकार ने बुंदेलखण्ड क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी और अवस्थापना सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से संचालित बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2026–27 में 75 करोड़ रूपये की अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत की है। यह धनराशि उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को उपलब्ध कराई जाएगी।

इस सम्बन्ध में अवस्थापना विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार स्वीकृत धनराशि का उपयोग परियोजना की तात्कालिक आवश्यकताओं के अनुसार किया जाएगा। यूपीडा द्वारा स्वीकृत धनराशि को आवश्यकतानुसार आहरित किया जाएगा।

---

**सम्पर्क सूत्र– सरिता वर्मा**

राम यतन / 04:30 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in